आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–05 सितम्बर 2024 **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज अयोध्या पहुंचे। वहां उन्होंने रामसेवकपुरम में नवस्थापित भव्य महाकुंभाभिषेकम और प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इसके बाद उन्होंने कारसेवकपुरम में आयोजित अशोक सिंघल वेद पुरस्कार दो हजार चौबीस के पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में लोगों को पुरस्कृत किया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि देश और स्नातन धर्म के लिए अब हमे अपने अधिकारों की चिन्ता कम करनी होगी और नागरिक कर्तव्यों के विषय में ज्यादा सोचना होगा। उन्होंने कहा कि आज दुनिया शान्ति और सुरक्षा के लिए भारत की तरफ आशा भरी निगाह से देखती है। हमें इस दायित्व को समझना होगा और भारत को नेतृत्वकर्ता बनाने के लिए अपना योगदान सुनिश्चित करना होगा। मुख्यमंत्री अयोध्या के श्रीराम लला मंदिर और संकटमोचन भी गये। वहां विधि–विधान से श्रीरामलला की पूजा–अर्चना की ।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिक्षक दिवस के अवसर पर आज गोरखपुर के योगिराज बाबा गम्भीरनाथ प्रेक्षागृह में उत्कृष्ट शिक्षण कार्य करने वाले प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा के शिक्षकों को राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में बेसिक शिक्षा के इकतालीस और माध्यमिक शिक्षा के तेरह शिक्षक शामिल रहे। इनमें से दो प्रधानाचार्यो को मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। पुरस्कार स्वरूप शिक्षकों को पच्चीस हजार रूपये का चेक और स्मृति चिन्ह दिया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने विद्यालयों की आदर्श स्थिति पर चर्चा की उन्होंने विद्यालयों को आत्मनिर्भर बनाये जाने पर जोर देते हुए कहा कि इसके लिये शिक्षकों को विशेष रूप से आगे आना होगा। इस कार्य में उन्होंने एनसीसी और स्काउट गाइड की मदद लेने की सलाह दी। मुख्यमंत्री ने शिक्षकों से कहा कि वह अभिभावकों के साथ संवाद स्थापित करें। संवाद के माध्यम से ही वह विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त कर सकेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण में विद्यालयों की महत्वपूर्ण भूमिका बतायी और कहा कि विद्यालयों में ही विद्यार्थियों के विकास की नीव तैयार होती है।

****

देश आज पूर्व राष्ट्रपति डाक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मना रहा है। इस अवसर पर आज प्रदेश के लगभग सभी जिलों के शिक्षण संस्थानों में विविध आयोजन किय गये और कार्यक्रम आयोजित कर शिक्षकों को सम्मानित किया गया। शिक्षण संस्थानों में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षक के तौर पर डाक्टर राधाकृष्णन के योगदान को याद किया गया और उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गयी। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर के सभी विश्वविद्यालयों में शिक्षक दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें शिक्षकों को सम्मानित भी किया गया।

****

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की ओर से कराये गये स्वच्छ वायु सर्वेक्षण दो हजार चौबीस में दस लाख से अधिक जनसंख्या वाले शहरों की श्रेणी में आगरा ने तीसरा स्थान हासिल किया है, जो वायु गुणवत्ता प्रबंधन के प्रयासों में महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाता है। इसी तरह तीन से दस लाख जनसंख्या वाले शहरों की श्रेणी में फिरोजाबाद पहले स्थान पर है। वहीं इस श्रेणी में झांसी तीसरे स्थान पर है। शहर का औद्योगिक उत्सर्जन नियंत्रण और शहरी हरित क्षेत्रों को बढ़ावा देना, वायु गुणवत्ता के सुधार में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। इसी क्रम में तीन लाख से कम जनसंख्या वाले शहरों की श्रेणी में प्रदेश के रायबरेली ने पहला स्थान हासिल किया है।

****

मिर्जापुर में आगामी नौ सितंबर से राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इसमें प्रदेश के अट्ठारह मंडलों के लगभग पन्द्रह सौ खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। पांच दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय इंटर कॉलेज मिर्जापुर में किया जाएगा। खेल प्रतियोगिता कई वर्गों में आयोजित की जायेगी। मिर्जापुर के जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार दीक्षित ने प्रतियोगिता के आयोजन के लिये विद्यालयों को अपनी तैयारी पूर्ण करने का निर्देश दिया है। उन्होंने बताया है कि प्रदेश भर से आने वाले खिलाड़ियों के लिये उत्तम व्यवस्था की जा रही है। उनके ठहरने का व्यवस्था विभिन्न विद्यालयों में किया गया है।

****

गोरखपुर सहित प्रदेश के सभी पूर्वी जिलों में आसमान में बादल छाये हुए हैं और कुछ स्थानो पर रूक–रूक कर बारिश की भी खबर है। बारिश होने और तेज हवा चलने से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। कुछ जिलों में दिन में तेज धूप निकलने की वजह से लोग उमस भरी गर्मी से परेशान रहे। हालाकि शाम को बादलों के छाने और तेज हवा चलने से कुछ राहत महसूस की गयी। मौसम विभाग ने अगले अडतालिस घंटे मे गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, महराजगंज, बस्ती, सिद्धार्थनगर, संतकबीर नगर, आजमगढ़, मऊ सहित कई पूर्वी जिलों में बादलों के बने रहने और कुछ स्थानों पर रूक–रूक कर वर्षा होने का पूर्वानुमान जताया है।

****